# ॥ कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगांव पौड़ी गढ़वाल ॥

**Email: dietcharigaonpauri@gmail.com**

## FLN एवं सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण (प्राथमिक) 2025–26 की आख्या

FLN एवं सेवारत शिक्षक एम॰टी॰ प्रशिक्षण (प्राथमिक) दिनांक 13–10–25 से 17–10–25 (पाँच दिवसीय) तक सम्पन्न हुआ।

**प्रतिभागियों की संख्या**– 83

**विभागाध्यक्ष** – श्रीमती रेनू, प्रवक्ता सेवारत विभाग डायट पौड़ी।

FLN **समन्वयक** – डॉ अरविन्द डायट पौड़ी।

**सह समन्वयक** – श्री जगमोहन कठैत डायट पौड़ी।

सन्दर्भदाता –

1– श्री जगमोहन सिंह कठैत, प्रवक्ता डायट पौड़ी।

2– श्रीमती रेनू, प्रवक्ता डायट पौड़ी।

3– डॉ॰ अरविंद, प्रवक्ता डायट पौड़ी।

4– श्रीमती शालिनी भटट, प्रवक्ता डायट पौड़ी।

5– डॉ॰ शिवकुमार भारद्वाज, प्रवक्ता डायट पौड़ी।

6– श्री प्रमोद नौडियाल, डायट पौड़ी।

7– श्रीमती अंकिता कण्डारी बुटोला, अज़ीम प्रेमजी फांउडेशन, श्रीनगर।

8– श्री संयम, अज़ीम प्रेमजी फांउडेशन, कोटद्वार।

प्रशिक्षण का शुभारम्भ प्राचार्य जी द्वारा सरस्वती माँ की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात् सभी के द्वारा प्रातः वन्दना **तू ही राम है तू रहीम है** की गई, उसके बाद सभी के द्वारा निपुण प्रतिज्ञा ली गई। प्रशिक्षण का संचालन डॉ॰ अरविन्द FLN समन्वयक के द्वारा किया गया। सहसमन्वयक श्री जगमोहन सिंह कठैत द्वारा प्रशिक्षण की रूपरेखा सभी के समक्ष प्रस्तुत की गई। सभी प्रतिभागियों को क्यू0 आर0 कोड के माध्यम से व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। तत्पश्चात् गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रतिभागियों का प्री–टेस्ट सम्पन्न हुआ। सभी प्रतिभागियों द्वारा परिचय सत्र में अपना परिचय दिया गया। प्राचार्य जी द्वारा प्रशिक्षण प्रारम्भ करते हुए सभी शिक्षकों को FLN से सम्बन्धित लक्ष्यों, उद्देश्यों को छात्रों के शैक्षणिक स्तर के अनुसार कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया। वार्षिक शैक्षिक कलैन्डर के अनुसार कक्षाओं में पाठों का संचालन होना चाहिए। छात्रों को 2026–27 में होने वाले मूल्यांकन की निरन्तर तैयारी करवाई जानी चाहिए। इसी के साथ उन्होंने विकासखंड स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दी।

श्रीमती रेनू द्वारा विकासखंड स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।












**प्रथम दिवस** में **निपुण भारत मिशन – उत्तराखण्ड अद्यतन प्रगति एवं पुनरावलोकन** विषय पर डॉ॰ अरविंद द्वारा चर्चा परिचर्चा की गई। मध्यांतर के पश्चात् डॉ॰ शिव कुमार भारद्वाज द्वारा **परख एवं मिडलाइन एसेसमेंट** पर प्रस्तुतिकरण एवं चर्चा परिचर्चा की गई। डॉ॰ अरविंद द्वारा **गुणवत्तायुक्त नवाचारी शैक्षिक कार्यक्रमों** पर विस्तृत रूप से चर्चा परिचर्चा की गई एवं प्रथम दिवस के समापन की घोषणा की गई।

**द्वितीय दिवस** का प्रारम्भ प्रातः वन्दना **नमो भगवती मां सरस्वती** के साथ हुआ और उसके बाद सभी के द्वारा निपुण प्रतिज्ञा ली गई। तत्पश्चात समूह 1 द्वारा प्रथम दिवस की आख्या का वाचन किया गया। तत्पश्चात् श्रीमती रेनू द्वारा **इनोवेटिव स्कूल का वीडियो प्रदर्शन एवं चर्चा** के अन्तर्गत **प्रार्थना सभा** की प्रश्नावली (गूगल फार्म) भरवाई गई तत्पश्चात् निपुण विद्यालय की प्रार्थना सभा की वीडियो दिखाई गई। वीडियो पर चर्चा परिचर्चा के उपरान्त प्रार्थना सभा का लर्निंग लॉग भरवाया गया।

द्वितीय सत्र में श्री संयम, अज़ीम प्रेमजी फांउडेशन, कोटद्वार द्वारा **गणित शिक्षण** के अन्तर्गत गणित शिक्षण की प्रश्नावली (गूगल फार्म) भरवाई गई तत्पश्चात् निपुण विद्यालय की गणित शिक्षण की वीडियो दिखाई गई। वीडियो पर चर्चा परिचर्चा के उपरान्त गणित शिक्षण का लर्निंग लॉग भरवाया गया।

मध्यांतर के पश्चात् श्रीमती रेनू द्वारा **भाषा शिक्षण** के अन्तर्गत भाषा शिक्षण की प्रश्नावली (गूगल फार्म) भरवाई गई तत्पश्चात् निपुण विद्यालय की भाषा शिक्षण की वीडियो दिखाई गई। वीडियो पर चर्चा परिचर्चा के उपरान्त भाषा शिक्षण का लर्निंग लॉग भरवाया गया।

चतुर्थ सत्र में डॉ॰ अरविंद द्वारा **पुस्तकालय** का उपयोग के अन्तर्गत पुस्तकालय की प्रश्नावली (गूगल फार्म) भरवाई गई तत्पश्चात् निपुण विद्यालय के पुस्तकालय की वीडियो दिखाई गई। वीडियो पर चर्चा परिचर्चा के उपरान्त पुस्तकालय का लर्निंग लॉग भरवाया गया।






**तृतीय दिवस** का प्रारम्भ प्रातः वन्दना **तुम्ही हो माता, पिता तुम्ही हो** के साथ हुआ और उसके बाद सभी के द्वारा निपुण प्रतिज्ञा ली गई। तत्पश्चात समूह 2 द्वारा द्वितीय दिवस की आख्या का वाचन किया गया। तत्पश्चात् श्रीमती अंकिता कण्डारी बुटोला, अज़ीम प्रेमजी फांउडेशन, श्रीनगर द्वारा **दक्षता आधारित आकलन की अवधारणा** के अन्तर्गत दक्षता पर विस्तृत रूप से चर्चा परिचर्चा की गई। गणित विषय में दक्षता आधारित प्रश्नपत्रों का निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण करवाया गया।

मध्यांतर के पश्चात् दिनांक 15/10/2025 को आदरणीय **श्री पद्मेन्द्र सकलानी जी अपर निदेशक एस॰सी॰ई॰आर॰टी॰ उत्तराखण्ड देहरादून** द्वारा प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया गया। अपर निदेशक द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रेरणादायी व्याख्यान से लाभान्वित किया गया।

श्रीमती रेनू द्वारा भाषा में **दक्षता आधारित आकलन** पर विस्तृत रूप से चर्चा परिचर्चा की गई। भाषा विषय में दक्षता आधारित प्रश्नपत्रों का निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण करवाया गया। गणित और भाषा में प्रश्नपत्रों का निर्माण कर छात्रों को निरंतर परीक्षा की तैयारी करवाने हेतु कहा गया। इसके साथ ही तृतीय दिवस का समापन किया गया।









**चतुर्थ दिवस** का प्रारम्भ प्रातः वन्दना **इतनी शक्ति हमें देना दाता** के साथ हुआ और उसके बाद सभी के द्वारा निपुण प्रतिज्ञा ली गई। तत्पश्चात समूह 3 द्वारा तृतीय दिवस की आख्या का वाचन किया गया। डॉ॰ अरविंद द्वारा **विद्यालय संस्कृति और प्रक्रियाएं** विषय पर पीपीटी के माध्यम से व्याख्यान दिया गया। प्रतिभागियों से चर्चा परिचर्चा के बाद विचार साझा किए गए। श्रीमती अंकिता कण्डारी बुटोला, अज़ीम प्रेमजी फांउडेशन, श्रीनगर द्वारा **पुस्तकालय संचालन एवं पढ़ने की आदतों का विकास** पर विस्तृत रूप से चर्चा परिचर्चा की गई।

श्रीमती शालिनी भटट द्वारा **कक्षा शिक्षण में ICT का प्रयोग** विषय पर पीपीटी के माध्यम से जानकारी साझा की गई। एवं हैण्डस् ऑन प्रैक्टिस करवाई गई। इसी के साथ चतुर्थ दिवस का समापन किया गया।

**पंचम दिवस** का प्रारम्भ प्रातः वन्दना **ऐ मालिक तेरे बंदे हम** के साथ हुआ और उसके बाद सभी के द्वारा निपुण प्रतिज्ञा ली गई। तत्पश्चात समूह 4 द्वारा चतुर्थ दिवस की आख्या का वाचन किया गया। डॉ॰ अरविंद द्वारा **विद्यालय सुरक्षा**, **समावेशी शिक्षा** एवं **पर्यावरण शिक्षा** पर पीपीटी के माध्यम से जानकारी साझा की गई। उसके पश्चात् श्री जगमोहन सिंह कठैत द्वारा **आपदा प्रबंधन**, **तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान** एवं **ड्रग्स एवं नशे से बचाव** विषय पर चर्चा परिचर्चा कर विचार साझा किए गए। श्री प्रमोद नौडियाल द्वारा **सड़क सुरक्षा** पर पीपीटी के माध्यम से व्याख्यान दिया गया। श्रीमती शालिनी भटट द्वारा **मोबाइल की लत** पर विस्तृत रूप से चर्चा परिचर्चा की गई। श्रीमती रेनू के द्वारा **सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श** पर एक वीडियो दिखाई गई एवं पीपीटी के माध्यम से चर्चा परिचर्चा की गई। इसके बाद **मूल्य आधारित शिक्षा** एवं **स्वास्थ्य और स्वछता** पर भी विचार साझा किए गए।












**समापन** के अवसर पर प्रतिभागियों का **पोस्ट टेस्ट** एवं **फीडबैक** लिया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ॰ अरविंद द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभागियों की सक्रिय प्रतिभागिता हेतु धन्यवाद दिया गया। अंत में प्राचार्य जी द्वारा प्रेरणादायी संबोधन के पश्चात् प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरण किए गए एवं प्रशिक्षण की विधिवत समाप्ति की घोषणा की गयी।




| | | |
|---|---|---|
| सहसमन्वयक | विभागाध्यक्ष | प्राचार्य |
| श्री जगमोहन सिंह कठैत | श्रीमती रेनू | श्री स्वराज सिंह तोमर |
| प्रवक्ता, डायट, पौड़ी | प्रवक्ता, डायट, पौड़ी | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगाँव, पौड़ी गढ़वाल। |